लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक समाज और वैचारिक हस्तक्षेप आवश्यक है

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। प्रगतिशील लेखक संघ इकाई द्वारा 'वर्तमान राजनीति और हमारे दायित्व' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में सदस्यों ने बदलते राजनीतिक परिदृश्य में लेखकों की जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक समाज और वैचारिक हस्तक्षेप आवश्यक है। प्रगतिशील लेखक संघ के राज्य सचिव असअद अंसारी ने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक विभाजन, दुष्प्रचार और वैचारिक ध्रुवीकरण के बीच लेखकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। साहित्य हमेशा अन्याय और असमानता के विरुद्ध जनचेतना का माध्यम रहा है। लेखक को भय या दबाव से मुक्त होकर सच, मानवीय मूल्यों और संवैधानिक आदर्शों के पक्ष में खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रचनाकारों का दायित्व है कि वे समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, भाईचारा और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करें। इकाई के उपाध्यक्ष डॉ. स्वप्निल ओझा ने कहा कि राजनीतिक संवाद का स्तर गिरना चिंता का विषय है। शोध छात्रा कनुप्रिया माली ने बिगड़ती भाषा और संवादहीनता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में भाषा का स्तर गिरना सामाजिक वातावरण को प्रभावित करता है। उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने असहमति की संस्कृति को लोकतंत्र की शक्ति बताते हुए विचारों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष कीर्तिनारायण कश्यप ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा आज लेखक और जागरूक नागरिक दोनों का दायित्व है। उन्होंने साहित्य को सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम बताते हुए रचनाकारों से सक्रिय सामाजिक हस्तक्षेप की अपील की। श्रीमती शोभा कश्यप और नर्मदा आर्य ने भी विचार व्यक्त किए। इकाई के निर्वाचन - प्रलेसं इकाई का सर्वानुमति से निर्वाचन संपन्न हुआ।कीर्तिनारण कश्यप अध्यक्ष,डॉ.स्वप्निल ओझा व प्रकाश गुप्ता उपाध्यक्ष,सचिव बृजेश आर्य कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए । कार्यकरिणी में कैलाश जोशी,असअद अंसारी,नरेंद्र अरोरा,दिनेश बसेर को लिया गया । संरक्षक मंडल में डॉ.एस.एन.मिश्रा,हरनामसिंह,नरेंद्र सिंह सिपानी और हर्षनारायण कश्यप को लिया गया। कार्यक्रम का संचालन किया लोकेश शर्मा ने और आभार माना नर्मदा आर्य ने।

शहर के मध्य से गुजरने वाले बिजली के तारों में विभाग ने किया सुधार, त्यौहारों के समय नहीं आयेगी समस्या

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। शहर में आगामी त्यौहारों को देखते हुए मप्र विद्युत विभाग द्वारा शहर के मुख्य मार्गों पर लगे खुले तारों को क्षतिग्रस्त केबलों को बदलने की कार्रवाई शुक्रवार को गई। बीपीएल चौराहा स्थित शहरी ग्रीड के सहायक यंत्री महेश कुमावत ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग पर त्योहारों एवं जुलूस रैली आदि के आयोजन हेतु सुरक्षित एवं बिना विद्युत व्यवधान के शहर में निरंतर विद्युत प्रदाय की दृष्टि से विभाग द्वारा उक्त कार्य वरीयता आधार पर किया जा रहा है। इसमें शहर के मुख्य मार्ग गांधी चौराहा, नेहरू बस स्टैंड, घंटाघर, धान मंडी, सदर बाजार, काला खेत के मुख्य मार्गों पर उक्त कार्य किया जाना प्रस्तावित किया गया है। इससे शहर में जुलुस, रैली, झांकीयां आदि के समय इन मार्गो की सप्लाई बंद करना पड़ती है अब इस समस्या से शहर वासियों को निजात मिलेगी एवं बार-बार फाल्ट होने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी। विभाग द्वारा उक्त कार्य वरीयता आधार पर किया जा रहा है इससे शहर की सुंदरता एवं विद्युत व्यवस्था में विश्वसनीयता बढ़ेगी।

मंदसौर की बेटी तनीशा ने बढ़ाया मान, सीएस प्रोफेशनल परीक्षा में इंदौर में दूसरा स्थान किया प्राप्त

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। शिक्षा के क्षेत्र में मंदसौर की प्रतिभाओं ने एक बार फिर अपना परचम लहराया है। द इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरी ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा घोषित दिसम्बर 2025 सत्र के परीक्षा परिणामों में स्थानीय छात्रा तनीशा मेड़तवाल ने अभूतपूर्व सफलता अर्जित की है। तनीशा ने सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम के परीक्षा परिणामों में इंदौर केंद्र पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार व नामदेव समाज बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है ।

स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का मेला 28 फरवरी से 01 मार्च तक जनपद मंदसौर परिसर में

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 'मंदसौर होली महोत्सव 2026' का आयोजन 28 फरवरी 2026 से 01 मार्च 2026 तक जनपद पंचायत मंदसौर परिसर में किया जाएगा। यह मेला प्रतिदिन प्रातः 10.00 बजे से रात्रि तक आमजन के लिए खुला रहेगा। आजीविका मिशन के संचालक ने बताया कि मेले में स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाएगा। मेले में घरेलू उपयोग की सामग्री, खाद्य उत्पाद, हस्तशिल्प, सजावटी वस्तुएं एवं अन्य स्थानीय उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

आज होगा हजरत नाहर सैय्यद मेला का शुभारंभ, सूफियाना कव्वाली होगी

मन्दसौर (इन्दौर समाचार)। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, मेला सभापति श्रीमती बब्बन यूसुफ गौरी, सी.एम.ओ. श्री प्रेम कुमार सुमन ने बताया कि आज दिनांक 28 फरवरी शनिवार को हिन्दू-मुस्लिम कौमी एकता की प्रतीक हजरत नाहर सैय्यद की दरगाह पर 49वें राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला 2026 का शुभारंभ होने जा रहा है। तीन दिवसीय मेला के प्रथम दिवस आज रात्रि 8.30 बजे नाहर सैय्यद की दरगाह पर सुफियाना कव्वाली का कार्यक्रम होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मुकर्रम वारसी एण्ड कव्वाल पार्टी भोपाल एवं परवेज आसीफ एण्ड कव्वाल पार्टी मंदसौर सूफियाना कव्वाली पेश करेंगे। इस कार्यक्रम के अतिथिगण श्री वकीलउद्दीन छोटे मियांजी सरकार, श्री इलियास बाबा गुमनामी बांसवाड़ा, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक श्री मदनलाल राठौर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मानसिंह माच्छोपुरिया, श्री नानालाल अटोलिया, अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर हाजी गुलाम नबी शेख, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण श्री सुनील जैन महावली, श्री विनय दुबेला, श्री गौरव अग्रवाल, भाजपा नेता राजू चावला, अंजुमन कमेटी के सदर शानू भाई, नाहर सैय्यद दरगाह कमेटी के सदर युनुस मेव, जिला वक्फ कमेटी सदर शाकिर गढवी, भाजपा नेता श्री मुबारिक उस्ताद, श्री अय्यूब निलगर, श्री खलील निलगर उस्ताद, समाजसेवी श्री नाहरू भाई इंजीनियर, समाजसेवी हाजी महमूद दिपलिया, अफजल शाह, समाजसेवी राजाराम तंवर, श्री फिरोज भाई मेव अचेरी रहेंगे। मंदसौर नगर व गणमान्य नागरिकों से नपा परिषद अपील करती है कि वे इस कार्यक्रम में शामिल होवें।

ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा नही मिलने पर

किसानों के साथ बेशर्म के पौधे लगाकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

मल्हारगढ़ (इन्दौर समाचार)।

क्षेत्र में एक फरवरी को ओलावृष्टि एवं बेमौसम तेज बारिश से बोरखेड़ी, लसूडिया कदमाला, हरमाला, किशनगड़, झारड़ा, गोपालपुरा, इतेपुर, अनुपपूरा, कितूखेड़ी सहित कई गांवों में अफीम, गेंहू, रायड़ा, चिया, मेथी, चना, लहसुन सहित सभी फसलों में भारी नुकसान हुवा था।

फसल नुकसानी का जायजा लेने क्षेत्रीय विधायक, प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम एवं वित्तमंत्री जगदीश जी देवड़ा भी खेतो में पहुंचे थे। शुक्रवार को क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कांग्रेस के सचिव परशुराम सिसौदिया, मल्हारगड़ जनपद सदस्य गणपत पंवार,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाड़त मेव आदि शुक्रवार को पुनः दोपहर 2,30 बजे ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में खेतों में पहुंचकर पीड़ित किसानों से चर्चा की,कांग्रेसजन लगातार पीड़ित किसानों के बीच खेतो में जाकर भाजपा सरकार से मुआवजा व बीमा देने की मांग कर रहे है।किसानों ने बताया कि एक माह बाद भी किसानों के खातों में किसी प्रकार का कोई मुआवजा आज तक नही मिला है हम बर्बाद हो गये है ।

किसानों के साथ खेतो में रोपे बेशर्म के पौधे -

ओलावृष्टि व तेज बारिश से फसलों में हुवे भारी नुकसान के बाद अभी तक मुआवजा व बीमा नही मिलने पर आक्रोशित किसानों के साथ कांग्रेसनेतागणो ने क्षतिग्रस्त फसलों के बीच मे बेशर्म के पौधे रोप कर अनूठा प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह बेशर्म हो चुकी है इसको लेकर आज यह बेशर्म के पौधे रोपकर इस बहरी सरकार को जगाने के लिए यह अनूठा प्रदर्शन किया है । मोदी सरकार ट्रम्प के हाथों की कठपुतली बनी हुई है ट्रेडडील किसान विरोधी है। सिसौदिया ने कहा कि मुआवजा व बीमा राशि नही मिलने पर कांग्रेस किसानों के साथ अनिश्चित कालीन धरना देगी। महिला किसान द्रोपदी बाई बद्रीलाल प्रजापति ने बताया कि हमने चार बीघा में गेंहू बोए थे और बड़ी उम्मीद थी कि फसल अच्छी होगी लेकिन ओलावृष्टि व बेमोसम बारिश ने हमारे अरमानों पर पानी ही फेर दिया पशुधन के लिए खाने के लिए भी कुछ नही बचा है। इस मौके पर गणेशराम परिहार जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष बाबुखा मेवाती,सचिव नागेश्वर चौहान,अनिल मुलासिया,गोपाल भारती,राहुल डांगी,भेरूपप्पू गुर्जर,कलावंती बाई, रामलाल धनगर ,शानू ,रवीना,गोविंद धनगर, राजेन्द्र कुमार भाटी,रामप्रसाद, लालसिंह राजपूत,शालिराम मेघवाल, संतोष दमामी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेसजन मौजूद थे।

भारतीय जनता पार्टी का संगठन राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करता हैं

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला जिला मुख्यालय स्थित हाटकेश्वर भवन मंदसौर पर में संपन्न हुई ।

कार्यशाला में भाजपा संगठन मंदसौर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सखलेचा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, प्रशिक्षण महाअभियान के संभाग प्रभारी नानालाल अटोलिया, सह प्रभारी हरिराम शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, पूर्व विधायकगण यशपालसिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड़ मंचस्थ रहें।

संभाग प्रभारी सुरेश आर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला विचार आधारित संगठन है। संगठन के निरंतर प्रशिक्षण अनुशासन और कार्यकर्ताओं की निष्ठा का परिणाम है की आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक संगठन बन चुकी है। प्रशिक्षण को संगठन की मजबूती का आधार बताते हुए उन्होंने कहा कि मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षित होना आवश्यक है, ताकि वे विचारधारा एवं सरकार की उपलब्धियों को प्रभावी रूप से जन-जन तक पहुंचा सकें। प्रशिक्षण के माध्यम से नई और पुरानी पीढ़ी के बीच वैचारिक संवाद एवं अनुभवों का आदान-प्रदान होता है, जिससे संगठन की कार्यपद्धति और अधिक मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि हमारा दल व्यक्ति, नेता आधारित नहीं है विचार आधारित पार्टी होने के कारण आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

उद्बोधन के दौरान उन्होंने संगठन की कार्यपद्धति, टीम भावना, संवाद कौशल और सामाजिक सरोकारों में सक्रिय भागीदारी पर विशेष बल दिया। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से संकल्प दिलाया कि वे संगठन विस्तार, लाभार्थी संपर्क और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लक्ष्य के साथ निरंतर सक्रिय रहेंगे।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की मंडल अध्यक्षगणों को मंडल स्तरीय कार्यशालाओं की योजना, समय-निर्धारण एवं व्यवस्थाओं पर शीघ्र कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए। भाजपा द्वारा व्यक्ति का निर्माण और व्यक्ति से संगठन का निर्माण और संगठन से राष्ट्र का निर्माण इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य है।

मंदसौर जिले के मंडलों में आयोजित होने वाली प्रशिक्षण कार्यशाला में वक्ता के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा , राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायकगण हरदीपसिंह डंग, चन्दरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायकगण यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, सहकारीता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा, भाजपा नेतागण हिम्मत डांगी, नरेश चंदवानी, नरेन्द्र पाटीदार, राजेश नामदेव मार्ग दर्शन देंगे।

जिला प्रशिक्षण टोली में संयोजक - भाजपा जिला महामंत्री शिवराज सिंह घटावदा, सह संयोजक - पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी, सह संयोजक - भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, सह संयोजक - भाजपा जिला मंत्री रामसिंह चौहान बनाये गये हैं।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिले में सम्पन्न होने वाले मंडलशः प्रशिक्षण सत्रो कि कार्ययोजना से मंचस्त वरिष्ठजनों को अवगत कराया और विश्वास दिलाया कि राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक नेतृत्व कि मंशा अनुरूप हम प्रशिक्षण महा अभियान को सम्पन्न करेंगे। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी ने कार्यशाला में प्रशिक्षण में नवाचार की परिकल्पना, प्रशिक्षण का ढांचा जिसमें डिजिटल उपकरण एवं ए.आई. , प्रशिक्षण सत्र में संवाद, कैस स्टडी, विषय में विशेषज्ञों की भागीदारी एवं क्षेत्रीय अनुभव एवं प्रवास पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा एवं आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामसिंह चौहान ने किया ।

बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई ने आयोजित की आनंदमयी पिकनिक ''होली का रंग, एडवेंचर के संग''

मन्दसौर (इन्दौर समाचार)। बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई मंदसौर द्वारा होली के पावन अवसर पर एक विशेष एडवेंचर, आनंददायक एवं मनोरंजक पिकनिक ट्रिप का आयोजन किया गया। होली के रंगों की तरह अनेक स्वभावों और व्यक्तित्वों से सजे इस समूह की सभी सदस्याएँ प्रेम, अपनत्व और विश्वास के एक ही रंग में रंगी नजर आईं। इसी भाव को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंदसौर के नव निर्मित सुंदर वन में यह पिकनिक आयोजित की गई।

बड़े साथ ओसवाल महिला इकाई उपाध्यक्ष पायल जैन ने बताया कि इस आनंदमयी आयोजन में समूह की सदस्यों ने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच देर सारी यादें संजोईं। विभिन्न मनोरंजक गेम्स आयोजित किए गए, एडवेंचर पार्क का सभी ने भरपूर आनंद लिया तथा गुलाल के रंगों से एक-दूसरे को सजाकर होली का उल्लास साझा किया। दिनभर सहेलियों के साथ हंसी-खुशी का वातावरण बना रहा। इसके पश्चात सभी ने देव डूंगरी माताजी के मनमोहक प्राकृतिक वातावरण में सामूहिक भोजन का आनंद लिया। पिकनिक आयोजन की व्यवस्थाएँ, गेम्स, भोजन एवं सभी सदस्यों के आदर-सम्मान का दायित्व टीम द्वारा सफलतापूर्वक निभाया गया। इसमें सचिव नेहा भंडारी, अमिता मुरडिया, सह-सचिव अंशिता, शिखा दुग्गड, मार्गदर्शिका हेमा हिंगड़, शशि मारु, अनीता बाफना, मीना पारख, कविता लोड़ा, अनीता मुरडिया, नीता जैन, अतिका रंगवाला, निधि मुरडिया, शिल्पा मुरडिया, मंजू जेतावत, भारती जैन सहित समस्त टीम ने आयोजन को सफल बनाया तथा उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

मंदसौर जिला सेन समाज के लिये निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

मन्दसौर (इन्दौर समाचार)। मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मंदसौर जिला प्रभारी शंभूसेन राठौर ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि मंदसौर जिले के शीघ्र होने वाले चुनाव के लिये 21 निर्वाचन अधिकारी घोषित किये गये है।

निर्वाचन अधिकारी सर्व श्री भगवतीप्रसाद गेहलोद, श्याम बोराना पिपलियामंडी, सुभाष सिसौदिया खड़ावदा, ओमप्रकाश खीची, डॉ. राजेश बोराना, अनिल वसा, शंभुसेन राठौर, अर्जुन सेन छोटू, अंतिम देवड़ा, राकेश सेन सम्राट, देवेश भाटी सीतामऊ, राजेन्द्र सौलंकी सुवासरा, प्रहलाद परिहार बंटू, भुवानीशंकर सरिता नाहरगड़, बाबूलाल सेन करनाखेड़ी, रमेश सेन बूड़ा, राकेश भाटी, श्याम सेन छायन, अशोक परमार, डॉ. दिनेश सौलंकी, नागुलाल सेन बड़वन को बनाया गया है जो जल्द निर्वाचन अधिकारी मंदसौर जिला सेन समाज के निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न करायें जायेंगे। तथा निर्वाचन अधिकारी जल्द ही मीटिंग कर जिला सेन समाज की निर्वाचन दिनांक व स्थान का चयन कर घोषणा करेंगे।

मंदसौर महिला कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का जताया विरोध

मंदसौर (इन्दौर समाचार)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा एवं मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया के निर्देशानुसार, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव राखी सत्रावाला के नेतृत्व में आज स्थानीय गांधी चौराहे पर मंदसौर महिला कांग्रेस द्वारा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया । यह विरोध प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित एपस्टीन फाइल्स में भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम सामने आने के विरोध में आयोजित किया गया था ।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशों का पालन करते हुए महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता विशेष वेशभूषा में नजर आईं । कार्यकर्ताओं ने विरोध स्वरूप काले कपड़े पहने थे, गले में 'ड्ढद्धद्ग क्करू द्वह्य ष्टशद्वश्चह्लशद्बह्वद्गस्र' लगी तख्ती टागकर अपना विरोध दर्ज कराया । शाम 5 बजे आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान महिला शक्तियों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए केंद्रीय मंत्री के इस्तीफे की मांग की और उनका पुतला दहन किया ।

नेत्रियों ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के ऐसे गंभीर प्रकरणों में भाजपा नेताओं के नाम आना देश के लिए चिंताजनक है । जब तक नैतिकता के आधार पर संबंधित मंत्री का इस्तीफा नहीं हो जाता, महिला कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेगी। पूरे प्रदर्शन के दौरान अनुशासन और संख्या बल का विशेष ध्यान रखा गया ।

संगठन के विशेष निर्देशानुसार इस प्रदर्शन में केवल महिला कार्यकर्ताओं की ही भागीदारी सुनिश्चित की गई थी । कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस के झंडे हाथों में थामे नेत्रियों ने एकजुटता का परिचय दिया । इस अवसर पर मंदसौर ब्लॉक अध्यक्ष इष्टा भाचावत, महिला नेत्री अनीता भदोरिया, योगिता बसर, कुमकुम, वर्षा सांखला, लक्ष्मी रैकवार, नम्रता सत्रवाला, रेखा, पूजा माहेश्वरी, ज्योति सैनी, सोनू माली, हेमलता पवार, सोनिया, ममता, हेमा सहित बड़ी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

नगर पालिका परिषद्, मन्दसौर (म.प्र.) GANDHI SQUARE, MANDSAUR
MUNICIPAL COUNCIL, MANDSAUR (M.P.)
E-MAIL-cmomandsaur@mpurban.gov.in
Website- www.nagarpalikamandsaur.com

क्रमांक- 797/ऑनलाइन निविदा/लो.नि./2026 मंदसौर दिनांक 27/02/2026

:: ऑनलाईन (Online) निविदा (प्रथम) आमंत्रण सूचना ::

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मन्दसौर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5	6
1	2026_UAD_485480_1	स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत वर्ष 2026 तक के गीले और सूखे अपशिष्ट के प्रसंस्करण हेतु आवश्यक संयंत्रों की स्थापना एवं गीले कचरे के लिए कम्पोस्ट पिट टैंक बनाना (आवश्यक उपकरणों सहित) एवं संचालन, संधारण कार्य सहित	4,74,52,500.00	2,37,262.00	15,000/-

शर्ते

01. इच्छुक दरदाता कार्य की विस्तृत निविदा वेबसाईट https://mptenders gov.in पर देख सकते हैं। निविदा में दी गई शर्तो का पालन करना अनिवार्य होगा।
02. ऑनलाईन निविदा डाउनलोड करने एवं निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथियां वेबसाईट पर अपलोड किए गए टेंडर की key dates अनुसार रहेगी।
03. यदि निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाईट पर ही प्रदर्शित होगा। जिसका अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही कराया जावेगा।

श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मंदसौर
श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मन्दसौर
श्रीमती निर्मला नरेश चंदवानी सभापति (लो.नि.), नगर पालिका परिषद मन्दसौर
प्रेम कुमार सुमन मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद मन्दसौर